ई. मेल :- dforudraprayag@gmail.com
फोन/ फैक्स नं0 – 01364 – 233505::
पता – माई की मढ़ी निकट जवाड़ी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक 195 / 12-1(2) दिनांक, 21/7 /2022 ::

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निर्माण, निगम
रूद्रप्रयाग।

विषयः– नगरासू पेयजल योजना के निर्माण हेतु 0.1874 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के संबंध में।
**PROPOSAL NO.- FP/UK/WATER/157192/2022**

महोदय

उपरोक्त विषयक प्रकरण का दिनांक 07.07.2022 को ऑनलाईन प्रभाग को प्राप्त हुआ, जिसका ऑनलाईन अवलोकनोपरान्त निम्न कमियां पाई गई–

1. परिवेश पोर्टल के पैरा–D(i) में अपलोड किये गये प्रतिवेदन में कहीं भी प्रभावित वन भूमि का क्षेत्रफल अंकित नहीं किया गया है और न ही चयनित वन भूमि के अतिरिक्त विकल्प का उल्लेख किया गया है। अतः प्रतिवेदन में चयनित भूमि का कुल प्रभावित क्षेत्रफल तथा अलग–अलग जैसे–पेयजल लाईन, टैंक हेतु प्रभावित क्षेत्रफल आदि संबंधित विवरण प्रतिवेदन में उल्लेख करते हुये बिन्दुवार संशोधित प्रतिवेदन अपलोड करते हुये हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।

2. परिवेश पोर्टल के पैरा–D(ii) में वैकल्पिक संरेखण के स्थान पर चयनित संरेखण का टोपोशीट मानचित्र अपलोड किया गया है, जबकि पैरा–L additional information detail में अपलोड किये गये प्रपत्र–4, 8 एवं 9 में उल्लेख किया गया है कि परियोजना हेतु विभिन्न विकल्पों पर विचार किया गया, जिनका (1) क्षेत्रफल–0.35 है0 व प्रभावित वृक्षों की संख्या–10 एवं (2) क्षे0–0.28 है0 व प्रभावित वृक्ष–0 दर्शाया गया है, किन्तु वैकल्पिक स्थलों के नाम एवं लम्बाई नहीं दर्शाई गई है। अतः स्थिति स्पष्ट कर पैरा–D(ii) में वैकल्पिक संरेखण का मानचित्र अपलोड करते हुये हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।

3. परिवेश पोर्टल के पैरा–L additional information detail के S.No.–12 में अपलोड किये गये बारचार्ट में परियोजना की कुल लम्बाई तथा आरक्षित एवं वन पंचायत भूमि में प्रभावित लम्बाई अलग–अलग नहीं दर्शाई गई है। केवल संकेत तालिका में क्षेत्रफल अंकित किया गया है। अतः बारचार्ट में परियोजना की सम्पूर्ण लम्बाई अलग–अलग दर्शाते हुये संशोधित बारचार्ट अपलोड करते हुये हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।

4. परिवेश पोर्टल के पैरा–L additional information detail के S.No.–14 में अपलोड की गई प्रभावित वृक्षों की गणना सूची में दिनांक अंकित नहीं की गई है। अतः वृक्षों की गणना सूची में दिनांक अंकित कर संशोधित सूची अपलोड करते हुये हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।

5. परिवेश पोर्टल के पैरा–L additional information detail के S.No.–7, 26, 27 में अपलोड किये गये प्रपत्र–8 वैकल्पिक संरेखणों को निरस्त किये जाने का प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया है कि **"प्रस्तावित परियोजना हेतु विभिन्न उपलब्ध विकल्पों पर विचार किया गया व वर्तमान विकल्प तकनीकि दृष्टि से एक ही विकल्प को सर्वदा उपयुक्त पाया गया, किन्तु प्रपत्र–26 भू–वैज्ञानिक आख्या अनुपालन प्रमाण पत्र में उल्लेख किया गया है कि भू-वैज्ञानिक आख्या लागू नहीं है एवं प्रपत्र–27 भू–वैज्ञानिक की संस्तुतियों/सुझावों का अनुपालन किये जाने का प्रमाण पत्र में उल्लेख किया है कि विषयगत परियोजना के निर्माण हेतु भू–वैज्ञानिक द्वारा दिये गये सुझावों/संस्तुतियों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा"** उक्त भिन्नता की स्थिति स्पष्ट कर संशोधित प्रपत्र अपलोड करते हुये हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।

6. परिवेश पोर्टल के पैरा–A(iii) में ऑनलाईन अंकित संक्षित विवरण तथा पैरा–D(i) में अपलोड किये गये प्रतिवेदन में नगरासू गांव की कुल लाभान्वित जनसंख्या–2284 अंकित की गई है, जबकि पैरा–L additional information detail के S.No.–32 में अपलोड किये गये प्रपत्र–33 लाभान्वित जनसंख्या प्रमाण पत्र में कुल लाभान्वित जनसंख्या–1758 अंकित की गई है। स्थिति स्पष्ट कर संशोधित प्रपत्र अपलोड करते हुये हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।

क्रमशः–2 पर

7. परिवेश पोर्टल के पैरा–L additional information detail के S.No.–36 मे अपलोड किये गये प्रपत्र–42 एन0पी0वी0 की धनराशि का आंकलन प्रमाण पत्र में आदेश संख्या–5–3/2007–एफ0सी0 दिनांक 05.02.2009 की अंकित की गई है तथा धनराशि का आकलन दिनांक 06.01.2022 मे उल्लिखित दर के अनुसार किया गया है। अतः संशोधित प्रमाण पत्र इस कार्यालय से प्राप्त कर अपलोड करते हुये हार्ड प्रति प्रस्तुत करे।

8. परिवेश पोर्टल के पैरा–L additional information detail के S.No.–10 एवं 11 में अपलोड किये गये लैण्ड शैड्यूल एवं लम्बाई चौडाई प्रमाण पत्र में आरक्षित वन धनपुर। क0सं0–1ब, 2 व 3 में प्रभावित होने वाली भूमि का क्षेत्रफल 0.1274 है0 एवं लम्बाई 4208.00 मीटर तथा बीना वन पंचायत भूमि का क्षेत्रफल 0.06 है0 एवं लम्बाई 2000.00 मीटर अर्थात परियोजना की कुल लम्बाई–6208.00 मीटर तथा कुल प्रभावित क्षेत्रफल–0.1874 है0 दर्शाई गई है जबकि पोर्टल पर अपलोड की गई के0एम0एल0 फाईल मे निम्न प्रकार अलग–अलग रंगों से सम्पूर्ण परियोजना की लम्बाई दर्शाई गई है–

| अपलोड के0एम0एल0 के अनुसार सम्पूर्ण परियोजना का विवरण | | | |
|---|---|---|---|
| के0एम0एल0 नाम | रंग | लम्बाई (किमी0) | क्षेत्रफल (है0) |
| Line | लाल | 16.60 | 0.5000 |
| CWR | लाल | Polygon | 0.0274 |
| Source | लाल | Polygon | 0.0946 |
| **Total** | | **16.60** | **0.622** |

अतः उक्तानुसार अपलोड किये गये प्रमाण पत्रों एवं के0एम0एल0 फाईल में दर्शाई गई लम्बाई एवं क्षेत्रफल की भिन्नता को दूर करते हुये संशोधित प्रमाण पत्र एवं के0एम0एल0 फाईल अपलोड कर हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।

9. परिवेश पोर्टल के पैरा–L additional information detail में अपलोड किये गये प्रपत्र–11 में बीना वन पंचायत की भूमि प्रभावित दर्शाई गई है तथा प्रपत्र–21 के साथ संलग्न अनापत्ति प्रमाण पत्र में ग्राम पचायत बीना द्वारा अनापत्ति प्रदान की गई है, जबकि ऑनलाईन पैरा–B-2.3 village wise breakup में केवल ग्राम नगरासू की 0.1874 है0 भूमि प्रभावित होना दर्शाई गई है। स्थिति स्पष्ट कर भिन्नता को दूर करते हुये संशोधित प्रमाण पत्र अपलोड कर हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।

अतः उक्त आपत्तियों का ऑनलाईन एव ऑफलाईन बिन्दुवार निराकरण कर शीघ्र इस कार्यालय को प्रेषित करें, तत्पश्चात् प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण कर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या – 195 /दिनांकित।
प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी, रुद्रप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।